स्पीड पोस्ट

उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या : 1073 / छप्पन–14–19 / 2011
लखनऊ : दिनांक १२ जुलाई, 2014

कार्यालय–ज्ञाप

नियुक्ति

राज्यपाल महोदय नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 के अधीन परिचालन इकाई उ0प्र0 लखनऊ में पायलट (रोटर विंग) के पद पर कैप्टन एस0पी0एस0 सिसौदिया को रूपये 2,50,000 / – (रूपये दो लाख पचास हजार मात्र) के नियत मासिक पारिश्रमिक तथा अनुमन्य विशेष उड़ान भत्ते पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष (दो वर्ष) की अवधि के लिए संविदा पर नियुक्त करते हैं।

2– कैप्टन एस0पी0एस0 सिसौदिया को उक्त संविदा अवधि में उपर्युक्त नियत मासिक पारिश्रमिक व अनुमन्य विशेष उड़ान भत्ते के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ते देय नहीं होंगे। उपर्युक्त शर्तो के अधीन रहते हुए उन पर संविदा सेवा अवधि में अन्य शर्ते वही लागू होंगी, जो अस्थायी कर्मचारियों पर लागू होती है। वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–2, भाग–2 के सहायक नियम–157–ए तथा तत्सम्बन्धी शासनादेशों के अन्तर्गत उन्हें अस्थायी राज्य कर्मचारियों की भांति अवकाश देय होगा।

3– कैप्टन एस0पी0एस0 सिसौदिया से संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध पत्र निष्पादित करा कर शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(एस0के0 रघुवंशी)
सचिव।

कैप्टन एस0पी0एस0 सिसौदिया,
676, ए एफ एन ओ ई, प्लॉट–11,
सेक्टर–7, द्वारका, नई दिल्ली – 110075

संख्या : 1073(1) / छप्पन–2014 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ को इस अभ्युक्ति के साथ कि वे कैप्टन एस0पी0एस0 सिसौदिया, पायलट (रोटर विंग) से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2– महालेखाकार–प्रथम (आर्डिट / लेखा), उ0प्र0, इलाहाबाद।
3– कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4– वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
5– वित्त (व्यय–नियंत्रण) अनुभाग–7
6– वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1 / 2
7– कार्मिक अनुभाग–1
8– नियोजन अनुभाग–4
9– सम्बन्धित पायलट की व्यक्तिगत पत्रावली के लिए।
10– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(कृष्ण चन्द्र राय शर्मा)
अनु सचिव।